>

Title: Regarding NH - 548A in Bhiwandi Parliamentary Constituency, Maharashtra

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवडी (महाराष्ट्र) में राजमार्ग सं0 548ए पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस राजमार्ग द्वारा शाहपुर-मुखाड कर्जत, खोपोली, पुणे और मुम्बई - आगरा राजमार्ग को जोड़ने से यहां की आस-पास की जनता को इससे बड़ी सुविधा मिलेगी, इसके लिए मैं माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ। किन्तु महोदय इस राजमार्ग के निर्माण में निर्माण कम्पनी द्वारा कथित रूप से बहुत घटिया किस्म का मैटीरियल लगाया गया है जिस कारण एक हल्की सी बरसात में इस राजमार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्डे बन गये हैं, जनता को भारी असुविधा है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसका निर्माण कार्य सही गुणवत्ता के आधार पर किया जाए।